# यूपी में जापानी इंडस्ट्रियल सिटी की तैयारी तेज

लखनऊ। यूपी में प्रस्तावित जापानी इंडस्ट्रियल सिटी को जमीन पर उतारने की दिशा में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) की टीम ने राजस्थान के नीमराना स्थित जापानी इंडस्ट्रियल पार्क का अध्ययन दौरा किया। यह दौरा देश के सबसे सफल जापानी औद्योगिक क्लस्टर माने जाने वाले नीमराना मॉडल को समझने और उसके अनुभवों को यूपी में लागू करने के उद्देश्य से किया गया।

दौरे के दौरान राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन (रीको) के अधिकारियों ने नीमराना जापानी इंडस्ट्रियल पार्क के विकास की पूरी प्रक्रिया, योजना और संचालन व्यवस्था पर विस्तृत प्रस्तुति दी। इसमें भूमि आवंटन, जोनिंग, आधारभूत ढांचा, बिजली-पानी जैसी सुविधाएं और निवेशकों के लिए तैयार किए गए अनुकूल वातावरण की जानकारी दी गई।

## यीडा टीम ने किया राजस्थान के नीमराना जापानी इंडस्ट्रियल पार्क का दौरा

बैठक में जापानी कंपनियों की लॉजिस्टिक जरूरतों, स्थिर नीति व्यवस्था और सुचारु आपूर्ति श्रृंखला जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। यीडा यीडा के सीईओ आरके सिंह ने इन बिंदुओं को यूपी में प्रस्तावित जापानी इंडस्ट्रियल सिटी के मास्टर प्लान में शामिल करने की बात कही। ब्यूरो